प्रेषक, ई-मेल द्वारा/अति महत्वपूर्ण/ सम्बद्ध

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु 06/नव0 2025-26/6624/2026 लखनऊः दिनांकः 09/01

विषयः वार्षिक पद्धति के पाठ्यक्रम हेतु शैक्षिक सत्र 2025-26 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के उपरान्त नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के नामांकन किये जाने हेतु पुनः अवसर दिये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्रांक प्राशिप/अनु06/2025-26/5926 दिनांक 11/12/2025 का संदर्भ ग्रहण करने कष्ट करें। जिसके माध्यम से सत्र 2025-26 में वार्षिक पद्दित के पाठ्यक्रम हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के माध्यम से ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के प्राप्त विवरण (डाटा) के आधार पर प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा परिषद की वेवसाइट के माध्यन से नव-प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन की प्रक्रिया हेतु लिंक खोला गया था।

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि सत्र 2025-26 में वार्षिक पद्धति के पाठ्यक्रम हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के माध्यम से ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के प्राप्त विवरण (डाटा) के आधार पर एवं कतिपय संस्थाओं द्वारा अभी भी नव-प्रवेशित छात्र/छात्राओं का नामांकन नही किया गया है, के अनुक्रम में प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सत्र 2025-26 हेतु परिषद की वेवसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध संस्था लॉग इन पर नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन की प्रक्रिया हेतु **दिनांक 12/01/2026 से 17/01/2026 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक लिंक पुनः खोला जा रहा है।**

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि प्राथमिकता के आधार पर सत्र 2025-26 में वार्षिक पद्धति के पाठ्यक्रम हेतु छात्र/छात्राओं के नामांकन की कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में नामांकन हेतु पोर्टल नही खोला जायेगा। यहां यह भी अवगत कराना है कि यदि कोई भी छात्र/छात्रा नामांकन फार्म भरने से वंचित रह जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

Digitally signed by
SANTOSH KUMAR SINGH
Date: 09-01-2026
19:35:47

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

**पृ0स0** प्राशिप/अनु0-06/नव0 2025-26/6625-29 तद्दिनांकः 09/01/2026

**प्रतिलिपि-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ ।

2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।

4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।

5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।